समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# आज मुकेश अंबानी की होगी ट्रंप से मुलाकात, कतर के दोहा मे साथ मे करेगें डिनर।

Publisher

Published on 15 May 2025



## मुकेश अंबानी दोहा के लुसैल पैलेस मे ट्रंप के लिए रखी गई डिनर पार्टी मे आज शामिल होने वाले है. इस रात्रिभोज मे लंदन मे रंहने वाले एक दूसरे भारतीय कारोबारी भी शामिल होने वाले है.

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीईओ मुकेश अंबानी आज दोहा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कतर के अमीर से मिलने वाले हैं. रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस दोनों राष्ट्र प्रमुखों के साथ अपने संबंधों को बढ़ावा देना चाहती है. कतर के सॉवरेन वेल्थ फंड कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (क्यूआईए) ने रिलायंस के रिटेल वेंचर्स में बड़ा निवेश किया है. इसी तरह से गूगल और मेटा जैसी बड़ी अमेरिकी टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ भी रिलायंस के कई बिजनेस पार्टनरशिप हैं.

ट्रंप के साथ डिनर में शामिल होंगे अंबानी
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुकेश अंबानी दोहा के लुसैल पैलेस में ट्रंप के लिए रखी गई डिनर पार्टी में शामिल होने वाले हैं. हालांकि, इस दौरान उनका निवेश या कारोबार को लेकर कोई चर्चा करने की उम्मीद नहीं है. बता दें कि ट्रंप इन दिनों खाड़ी देशों की यात्रा पर हैं. इस दौरान मंगलवार, 13 मई को उनका पहला पड़ाव सऊदी अरब था. उन्होंने सऊदी के साथ 142 अरब डॉलर की अब तक की सबसे बड़ी डिफेंस डील की है. अब उनका अगला पड़ाव कतर और UAE है.

एक दूसरे कारोबारी भी शामिल
बताया जा रहा है कि इस राजयकीय रात्रिभोज में लंदन में रहने वाले एक दूसरे भारतीय कारोबारी भी शामिल होंगे, जो ट्रंप और कतर प्रशासन दोनों के करीबी हैं. बता दें कि फरवरी में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने भारत का दौरा किया था.

उस दौरान उन्होंने देश के विभिन्न उद्योगों में 10 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई थी. ट्रंप गुरुवार को कतर से संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा करेंगे. बता दें कि यह अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की पहली बड़ी विदेश यात्रा है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.